# EGD (ऐसोफेगोगैस्ट्रोडुओडेनोस्कोपी)

THE OHIO STATE UNIVERSITY
WEXNER MEDICAL CENTER

# EGD (Esophagogastroduodenoscopy)

**Please review all the instructions about your test and prep as soon as you get them**, so you can prepare. You may need to change some of your medicines.

If you need to **cancel or change your test appointment, call 614-293-8784**.

If you have any **questions about your test or prep instructions, call 614-293-6255** and ask to talk with a nurse.

## You need to have an adult come with you to your test

You will be given medicine to help you relax during the test that will affect your judgement and reflexes much of the day. For your safety, **you will need a responsible adult to drive you home after the test. Your driver needs to check in for the test with you. If your driver doesn't check in with you, we will need to speak to your driver before we can start your test. Your test will be delayed or cancelled if we cannot speak to your driver.**

- If your driver leaves the facility during the test, **he or she needs to give the staff a phone number where he or she can be reached. Your driver needs to be within 30 minutes** of the endoscopy unit.
- If you take a cab, bus, or medical transportation service home after the procedure, **an adult, other than the driver needs to ride with you** for your safety.

**कृपया अपने परीक्षण और तैयारी के बारे में सभी निर्देशों को प्राप्त करते ही समीक्षा करें**, ताकि आप तैयारी कर सकें। आपको अपनी कुछ दवाइयाँ बदलने की आवश्यकता पड़ सकती है।

यदि आपको **अपना परीक्षण अपाइंटमेंट रद्द करने या बदलने की आवश्यकता हो, तो 614-293-8784** पर कॉल करें।

यदि आपके पास **अपने परीक्षण या तैयारी संबंधी कोई प्रश्न हो, तो 614-293-6255** पर कॉल करें और नर्स के साथ बात करने का आग्रह करें।

## आपको अपने परीक्षण के लिए एक वयस्क के साथ आने की आवश्यकता है

आपको परीक्षण के दौरान आराम करने में मदद करने के लिए दवा दी जाएगी जो दिन में देर तक आपके निर्णय और विचारों को प्रभावित करेगी। आपकी सुरक्षा के लिए, **आपको परीक्षण के बाद घर ले जाने के लिए एक जिम्मेदार वयस्क की आवश्यकता होगी। आपके ड्राइवर को आपके साथ परीक्षण के लिए चेक इन करना होगा। यदि आपका ड्राइवर आपके साथ चेक इन नहीं करता है, तो हम लोगों को परीक्षण शुरू करने पहले आपके ड्राइवर से बात करने की आवश्यकता होगी। यदि हम आपके ड्राइवर से बात नहीं कर सकते तो आपके परीक्षण में देरी होगी या उसे रद्द कर दिया जाएगा।**

- यदि परीक्षण के दौरान आपका ड्राइवर परिसर से बाहर चला जाता/जाती है, **तो उसे कर्मचारियों को एक फोन नंबर देना होगा जिस पर उससे संपर्क किया जा सके। आपके ड्राइवर को एंडोस्कोपी यूनिट से 30 मिनट की दूरी के भीतर** रहना होगा।
- यदि आप प्रक्रिया के बाद घर के लिए एक टैक्सी, बस या चिकित्सा परिवहन सेवा लेते हैं, **तो आपकी सुरक्षा के लिए ड्राइवर के अलावा, एक वयस्क को आपके साथ यात्रा करने की** जरूरत पड़ेगी।

- You should have **an adult with you to help you after the test at home for at least 6 hours**.

## You may need to make changes to your medicines

**If you take aspirin or NSAIDs,** such as ibuprofen, naproxen, or Celebrex for pain, you **do NOT need to stop** taking these medicines before this test.

**If you take medicines for diabetes**, ask the doctor who ordered your diabetes medicine how to adjust your medicines for this test.

**If you take any of the blood thinner medicines listed below**:

- Ask the doctor who ordered this medicine if it is safe for you to stop taking this medicine before the test. **If you have a stent or certain other health problems, do NOT stop taking these medicines.**
- **If your doctor has advised you to NOT stop taking these medicines before the test, please call 614-293-6255 and ask to talk to a nurse.**
- If your doctor agrees you should stop taking any of the medicines listed below, stop for the listed number of days before your test or as your doctor recommends:
  - ❑ Brilinta (Ticagretor) – 5 days
  - ❑ Coumadin (Warfarin) – 5 days
  - ❑ Effient (Prasugrel) – 7 days
  - ❑ Eliquis (Apixaban) – 2 days
  - ❑ Lovenox (Enoxaparin) – 1 day
  - ❑ Plavix (Clopidogrel) – 5 days
  - ❑ Pletal (Cilostazol)– 5 days
  - ❑ Pradaxa (Dabigatran) – 2 days
  - ❑ Savaysa (Edoxaban) – 2 days
  - ❑ Xarelto (Rivaroxaban) – 1 day

- परीक्षण के बाद घर में **आपकी सहायता के लिए आपके साथ एक व्यस्क को कम से कम 6 घंटे रहना चाहिए।**

## आपको अपनी दवाइयों में परिवर्तन करने की आवश्यकता पड़ सकती है।

**यदि आप दर्द के लिए एस्प्रिन या NSAID,** जैसे कि इबुप्रोफेन, नेप्रोक्सेन, या सेलीब्रेक्स लेते हैं, तो परीक्षण के पहले इन दवाइयों को **लेना बंद करने** की जरूरत नहीं है।

**यदि आप मधुमेह के लिए दवाएं लेते हैं**, तो उस डॉक्टर से पूछें जिसने मधुमेह वाली दवाई लेने का निर्देश दिया है कि परीक्षण के लिए दवा का समायोजन कैसे करना है।

**यदि आप नीचे सूचीबद्ध रक्त पतला करने वाली कोई दवा लेते हैं**:

- तो उस डॉक्टर से पूछें जिसने इसे लेने का निर्देश दिया था कि क्या परीक्षण के पहले दवा को बंद करना सुरक्षित होगा। **यदि आपमें स्टेंट लगा है या आपको कुछ अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हैं, तो इन दवाइयों को लेना बंद नहीं करें।**
- **यदि परीक्षण के पहले आपके डॉक्टर ने इन दवाइयों को बंद नहीं करने की सलाह दी है, तो कृपया 614-293-6255 पर कॉल करें और किसी एक नर्स से बात करने का अनुरोध करें।**
- यदि नीचे सूचीबद्ध किसी दवा को बंद करने के लिए आपका डॉक्टर सहमत हो जाता है, तो परीक्षण के पहले सूचीबद्ध दिनों के लिए या जैसा आपके डॉक्टर ने अनुशंसित किया हो उसे बंद कर दें।
  - ❑ ब्रिलिंटा (टाइकाग्रेटॉर) - 5 दिन
  - ❑ कूमाडिन (वॉरफ़ेरिन) - 5 दिन
  - ❑ एफ़िएंट (प्रेसुग्रेल) - 7 दिन
  - ❑ इलिक्विस (एपिक्सेबेन) - 2 दिन
  - ❑ लवनॉक्स (एनोक्सेपेरिन) - 1 दिन
  - ❑ प्लेविक्स (क्लोपिडोग्रेल) - 5 दिन
  - ❑ प्लेटल (सिलोस्टाज़ोल)- 5 दिन
  - ❑ प्रेडेक्सा (डेबिगेटरेन) - 2 दिन
  - ❑ सेवेयेसा (एडोक्सेबेन) - 2 दिन
  - ❑ सेरेल्टो (रिवेरोक्सेबेन) - 1 दिन

## About the test

An **EGD** is also called an **upper endoscopy**. It is done with a narrow, flexible tube that has a camera and lights that goes in through your mouth into the upper digestive tract. It allows your doctor to look into your esophagus, stomach, and part of the small intestine called the duodenum.

These tests help your doctor diagnose illnesses and make plans for treatment if needed.




## परीक्षण के बारे में

**EGD** को **ऊपरी एंडोस्कोपी** भी कहते हैं। यह एक संकरे, लचीली ट्यूब, जिसमें कैमरा और प्रकाश होता है, के साथ किया जाता है जो आपके मुंह से ऊपरी पाचन तंत्र में जाता है। यह आपके चिकित्सक को आपकी ग्रासनली, पेट, और छोटी आंत के ग्रहणी नामक भाग को देखने देता है।

ये परीक्षण आपके डॉक्टर को बीमारियों का निदान करने में मदद करते हैं और यदि आवश्यक हो तो उपचार के लिए योजना बनाने में मदद करते हैं।

## Evening before the test

You may eat your regular meals until 8 hours before your test. Then you can drink clear liquids up to 4 hours before your test. These clear liquids are allowed, but **avoid all red colored liquids**:

- Water
- Fruit juices that you can see through, such as apple, white cranberry, or white grape
- Popsicles or ice chips
- Ginger ale or lemon-lime soda
- Gatorade, other sports drinks, or other drink mixes like Kool-Aid
- Clear broth or bouillon
- Jell-O
- Coffee or tea with no milk or cream added

## परीक्षण से पहले की शाम

आप परीक्षण के 8 घंटे पहले तक अपना नियमित भोजन कर सकते हैं। फिर आप परीक्षण के 4 घंटे पहले तक विशुद्ध तरल पदार्थ पी सकते हैं। इन विशुद्ध तरल पदार्थों की अनुमति है, **लेकिन सभी लाल रंग वाले विशुद्ध तरल पदार्थों से बचें**:

- पानी
- फलों के रस जिसे आप आर-पार देख सकते हैं जैसे सेब, सफेद क्रैनबेरी, या सफेद अंगूर
- पॉप्सिकल्स या आइस चिप्स
- अदरक एल या नींबू का सोडा
- गेटोरेड, अन्य स्पोर्ट्स ड्रिंक या अन्य ड्रिंक मिक्स जैसे कि कूल-एड
- विशुद्ध शोरबा या रस
- जेल-ओ
- कॉफी या चाय जिसमें दूध या क्रीम न मिला हो

## Morning of the test

1. **You can drink clear liquids up to 4 hours before your test.** You can take a small sip of water to take blood pressure, heart, seizure, or pain medicine **within 2 hours of your test**. Your test will be delayed or cancelled if you drink anything other than a sip of water with medicines.
2. Please leave all valuables and jewelry including piercings at home.
3. Female patients should come prepared to give a urine sample in case a pregnancy test is needed.
4. Bring these with you to your test:
    - ❑ A list of all medicines, including prescription and over the counter medicines and any vitamin or herbal products you are taking
    - ❑ A list of your allergies
    - ❑ List of medical conditions and previous surgeries
    - ❑ A copy of advanced directive, such as a living will or health care power of attorney
    - ❑ Your photo identification, insurance card, and co-payment if needed

**Plan to arrive at the arrival time on your letter,** so the staff can get you ready. **Expect to be here 2 to 4 hours for your test and recovery time.**

## परीक्षण वाली सुबह

1. **आप परीक्षण के 4 घंटे पहले तक विशुद्ध तरल पदार्थ पी सकते हैं।** आप **अपने परीक्षण के 2 घंटे के भीतर** रक्तचाप, हृदय, दौरा या दर्द की दवा लेने के लिए थोड़ा पानी पी सकते हैं। यदि आप दवाओं के साथ पानी की घूंट के अलावा कुछ भी पीते हैं तो आपके परीक्षण में देरी होगी या उसे रद्द कर दिया जाएगा।
2. कृपया पियर्सिंग समेत सभी क़ीमती सामान और गहने घर में ही छोड़ दें।
3. गर्भावस्था परीक्षण आवश्यक होने पर महिला रोगियों को पेशाब की जाँच के लिए तैयार होकर आना चाहिए।
4. परीक्षण के लिए अपने साथ निम्न चीजें लाएँ:
    - ❑ उन सभी दवाइयों की सूची जिन्हें आप ले रहे हैं, जिसमें प्रिस्क्रिप्शन और ओवर-द-काउंटर दवाइयाँ और विटामिन या हर्बल उत्पाद शामिल हैं।
    - ❑ आपकी एलर्जियों की सूची
    - ❑ चिकित्सीय बीमारियाँ और पिछली सर्जरियों की सूची
    - ❑ अग्रवर्ती निर्देश की एक प्रति, जैसे वसीयत नामा या स्वास्थ्य देखभाल मुख्तारनामा
    - ❑ आपका फ़ोटो पहचान पत्र, बीमा कार्ड और सह-भुगतान यदि आवश्यक हो तो

**अपने पत्र में बताए गए आगमन समय के अनुसार आने की योजना बनाएँ,** ताकि कर्मचारी आपको तैयार कर सकें। **अपने परीक्षण और रिकवरी समय के लिए 2 से 4 घंटे यहाँ रहने की उम्मीद के साथ आएँ।**

## Having the test

- After you have registered, you will change into a hospital gown.
- A nurse will review your medicine list and medical history.
- An intravenous (IV) line will be placed to give you medicine during the test. Let the nurse know right away if you have had problems having an IV placed in the past.

## परीक्षण से गुजरना

- आपके पंजीकृत होने के बाद, आपको अस्पताल का गाउन पहनना पड़ेगा।
- एक नर्स आपकी दवा की सूची और चिकित्सा इतिहास की समीक्षा करेगी।
- परीक्षण के दौरान आपको दवा देने के लिए एक अंतःशिरा (IV) नली लगाई जाएगी। यदि आपको अतीत में IV लगाने से समस्याएं हुई थी, तो तुरंत नर्स को बताएं।

- When the nurse has you ready, you will be taken to a private room where your test will be done.
- You will be given a consent form to read over. The doctor will talk to you and go over the consent form. Ask any questions that you have about the test before you sign the form.
- You will be given medicines in your IV to help you relax. You will likely rest on your left side.
- Your throat may be sprayed with a numbing medicine.
- The doctor will pass another tube through your mouth and into your esophagus, stomach, and duodenum.
- The test will take about 15 minutes.

## After the test

- You will be taken to a recovery area for 30 to 45 minutes.
- You will then change back into your clothes.
- The doctor will speak with you and your family member before you leave.
- Plan to take the day off of work and rest at home after the test.
- For your safety, it is best to have an adult with you for at least 6 hours at home.
- The medicine given during the test can cause you to have memory changes and impair your judgment. **Do not drive a motorized vehicle or operate heavy machinery. Do not sign any papers or make any legal decisions.**

- नर्स द्वारा आपको तैयार कर देने के बाद, आपको एक निजी कक्ष में ले जाया जाएगा, जहाँ आपका परीक्षण किया जाएगा।
- आपको पढ़ने के लिए सहमति फॉर्म दिया जाएगा। डॉक्टर आपके साथ बात करेंगे और सहमति फॉर्म पढ़ेंगे। फ़ॉर्म पर हस्ताक्षर करने के पहले अगर आपके पास कोई प्रश्न हो तो पूछें।
- आपको आराम देने के लिए आपके IV में दवाई दी जाएगी। आपको संभवतः बाईं तरफ लेटने के लिए कहा जाएगा।
- आपके गले पर सुन्न करने वाली दवा का छिड़काव किया जा सकता है।
- चिकित्सक आपके मुंह के माध्यम से आपकी ग्रासनली, पेट, और ग्रहणी में एक और ट्यूब को डालेंगे।
- परीक्षण में लगभग 15 मिनट लगेंगे।

## परीक्षण के बाद

- आपको 30 से 45 मिनट के लिए रिकवरी क्षेत्र में ले जाया जाएगा।
- फिर आपको बदलने के लिए कपड़े दिए जाएंगे।
- आपके जाने से पहले डॉक्टर आपसे और आपके परिवार के सदस्यों के साथ बात करेंगे।
- परीक्षण के बाद काम से छुट्टी लेने की योजना बनाएँ और घर पर आराम करें।
- आपकी सुरक्षा के लिए, घर पर कम से कम 6 घंटे के लिए आपके साथ किसी वयस्क का होना बढ़िया रहेगा।
- परीक्षण के दौरान दी गयी दवा आपकी स्मृति में बदलाव और आपके निर्णय को खराब कर सकती है। **मोटर वाले वाहन नहीं चलाएँ या भारी मशीन संचालित नहीं करें। किसी भी कागज़ात पर हस्ताक्षर न करें या न ही कोई कानूनी निर्णय लें।**

EGD. Hindi.

**Talk to your doctor or health care team if you have any questions about your care.**

For more health information, contact the Library for Health Information at **614-293-3707** or e-mail **health-info@osu.edu.**

© September 14, 2017, The Ohio State University Wexner Medical Center.